आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज़–चुनाव प्रचार ने पकड़ी गति।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–भाजपा ने सबका साथ– सबका विकास की विचारधारा के साथ देश को आगे बढ़ाने का किया काम।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का दावा– प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाई कांग्रेस सरकार।
- सेना प्रशिक्षण कमान शिमला में अलंकरण समारोह का आयोजन– उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले सेना अधिकारी सम्मानित।

चुनाव

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और छः विधानसभा सीटों पर उप चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी है। भाजपा ने एक ओर जहां लोकसभा व विधानसभा उप चुनावों के लिए अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है वहीं कांग्रेस ने अभी तक शिमला व मंडी संसदीय क्षेत्रों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। हमीरपुर और कांगड़ा लोकसभा सीटों के अलावा विधानसभा उप चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी अपने प्रत्याशियों के नाम तय करने पर मंथन कर रही है। प्रदेश में इन चुनावों के लिए सात मई को अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 14 मई तक चलेगी। हालांकि राज्य में चुनाव के लिए अभी लगभग डेढ महीना बाकि है लेकिन दोनों ही प्रमुख दलों ने चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है।

अनुराग ठाकुर

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भाजपा ने 10 वर्षों में सबका साथ–सबका विकास की विचारधारा के साथ देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। अपने चुनावी दौरे के दौरान आज उन्होंने ऊना में पार्टी विस्तारकों के साथ बैठक की और चुनाव के बारे में ज़रूरी टिप्स दिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज देश में मुद्दाविहीन हो चुकी है और उसके नेता अनापशनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ओर जहां 4 सौ पार का लक्ष्य लेकर चुनाव मैदान में है वहीं कांग्रेस पार्टी 40 पार की लड़ाई लड़ रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव हमेशा विचारधारा पर आधारित होता है और इसमें व्यक्तिगत छींटाकशी नहीं होनी चाहिए।

सीएम–प्रैसवार्ता

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुधारा है और सरकार ने आर्थिक संकट व प्राकृतिक आपदा का बखूबी सामना किया है। उन्होंने आज शिमला में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के साथ एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में भाजपा का मिशन लोटस फेल हो गया है और लोकसभा विधानसभा उप चुनाव के बाद कांग्रेस सरकार और मजबूत होगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सरकार को गिराने का भरपूर प्रयास किया लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में सरकार को कोई खतरा नहीं है और कांग्रेस लोकसभा के अलावा उप चुनाव की भी सभी सीटें जीतेगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर असल मुददों से लोगों का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विकट परिस्थितियों के बावजूद जनहित में कार्य किया है और सभी वायदे पूरे किए जा रहे हैं।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर विकास के मामले में मण्डी जिले की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। मण्डी में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा मण्डी जिले में शुरू किए गए विकास कार्यों को मौजूदा सरकार ने पूरी तरह बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि मण्डी में एक ओर जहां शिवधाम का काम रोक दिया गया है वहीं भाजपा सरकार द्वारा मण्डी को दिए गए विश्वविद्यालय को भी बंद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता ने कहा कि बल्ह में प्रस्तावित हवाई अड्डे के निर्माण की सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भी इसके काम को आगे नहीं बढाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उसमें देश के विकास का विजन नजर आता है लेकिन कांग्रेस पार्टी को ये रास नहीं आ रहा है।

संजय अवस्थी

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी एकजुट है और सभी नेता व कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए मिलजुल कर काम कर रहे हैं। उन्होंने शिमला में कांग्रेस के चुनाव वॉर रूम में पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की और कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य सरकार द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष के दौरान किए गए विकास कार्यों और उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी। अवस्थी ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने अब तक अपनी 10 में से पांच गारंटियों को पूरा कर दिया है। उन्होंने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव में पार्टी की जीत में सक्रिय योगदान देने का आहवान किया।

## कंगना रनौत

मण्डी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने आज अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। चंबा जिले के भरमौर में लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की। कंगना रनौत ने कहा कि वे मण्डी संसदीय क्षेत्र के लोगों की हर मांग को केंद्र के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगी और क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोडी जाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय केंद्र ने सहायता के तौर पर हिमाचल को एक हजार आठ सौ करोड़ रूपए की धनराशि जारी की लेकिन इस पैसे का आज तक कोई पता नहीं है।

## विक्रमादित्य सिंह

इस बीच लोक निर्माण मंत्री व मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी जीत का दावा किया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मण्डी का चुनाव क्षेत्रीय मुददों पर लडा जाएगा और इस सीट पर पूरे देश की नजरें है। विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा नेताओं को कांग्रेस की बजाए अपनी पार्टी की चिंता करने की सलाह दी।

## अलंकरण समारोह

सेना प्रशिक्षण कमान शिमला में आज आरट्रैक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले सेना अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लैफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह ने भारतीय सेना के सात प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना की। इसके अलावा देश के चार प्रशिक्षण संस्थानों को वित्तीय उत्कृष्टता पुरस्कार दिया गया। व्यक्तिगत श्रेणी में 7 सेना अधिकारियों कर्नल जे.के. शर्मा, मेजर प्रीति मुडेला, मेजर टी. इरोम, मेजर अतुल पठानिया, मेजर गुरपाल सिंह, नायब सूबेदार सुनील पाटिल और सी.एफ.एन राहुल परमार को उनके नवाचारों के लिए तकनीकी उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया।

## त्रिलोक कपूर

इस बीच भाजपा महासचिव त्रिलोक कपूर ने दावा किया है कि पिछले एक दशक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के कारण भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी और नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। पालमपुर में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण के क्षेत्र में 80 करोड़ लोगों को वर्ष 2029 तक मुफ्त राशन देने का निर्णय सराहनीय है और मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उपर निकाला है। त्रिलोक कपूर ने भाजपा के संकल्प पत्र में 70 वर्ष से अधिक की आयु के सभी लोगों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने के वायदे को भी ऐतिहासिक बताया है।

## दुर्गा अष्टमी

चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन आज मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगी रहीं। भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित मंदिरों में आज अष्टमी पर मेले भी आयोजित किए गए और शक्तिपीठों में प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गएं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अष्टमी के मौके पर शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं और अष्टमी के दिन कंजक पूजन से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को भी बल मिलता है। इस मौके पर लेडी गर्वनर जानकी शुक्ल भी मौजूद रही।

## बर्फबारी

लाहौल स्पिति जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही बर्फबारी के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीती रात जिले के उंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में हिमखंड गिरने से चंद्रभागा नदी का बहाव रूक गया। हालांकि लगभग तीन घंटे बाद नदी का बहाव सामान्य हो गया। पुलिस ने आज सुबह केलंग से मनाली की ओर आ रहे वाहनों को तांदी के पास ही रोक दिया। दोपहर बाद से इस मार्ग पर यातायात सामान्य बना हुआ है। हिमखंड से टनल को कोई नुकसान नहीं हुआ है।